

# साढे तीन लाख के सोने,चांदी के आभुषण फिर चुरा ले गए चोर



**नवभारत न्यूज, पांढुरना, 11अप्रैल,** पुलिस के लाख प्रयासों तथा मुस्तैदी से गश्त किए जाने के दावे के बावजूद नगर जिला मुख्यालय में ही चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है,नगर के शास्त्री वार्ड में अज्ञात चोरों ने ताला तोडक़र आलमारी में रखे साढ़े तीन लाख रूपयों के सोने,चांदी के आभुषणों के साथ ही नगद राशि चुरा ले गए। नगर जिला मुख्यालय में लगातार बढ़ रहीं चोरी की घटनाओं के चलते नगरवासी अपने जान माल की सुरक्षा को लेकर भयभीत है,हांला कि पुलिस द्वारा पुरी मुस्तैदी के साथ गश्त करने का दावा किया जा रहा है,लेकिन इसके बावजूद लगातार चोरी की घटनाए बढ़ती जा रहीं है,इन चोरों को पकडऩा तो दूर पुलिस इनका कोई सुराग तक नहीं लगा पा रहीं है।

मिली जानकारी अनुसार नगर के शास्त्री वार्ड की गायत्री कांलोनी निवासी निखिल मानेराव के सुने घर में अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोडक़र घर की आलमारी में रखे साढे तीन लाख रूपयों के सोने,चांदी के आभुषण के साथ ही पांच हजार रूपए की नगद राशि चुरा ले गए,सूचना पर डायल 112 की टीम पहुंची जिन्होंने घर के अंदर का नजरा देखने के बाद वापस लौट गए,लेकिन दो दिन का समय बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा रिर्पोट दर्ज नहीं कर कोई भी कार्यवाहीं तक नहीं की है।

निखिल ने बताया कि वह अपने परिवारजनों के साथ बीते 2 अप्रैल को अपने रिश्तेदार के घर भोपाल गए हुए थे,इसी दौरान 8 अप्रैल की रात को इनके घर का ताला टूटा होने तथा चोरी होने की बात इन्हें पडोसियों द्वारा फोन पर देंने के बाद यह तुरंत ही भोपाल से पांढुरना घर आकर देखा तो घर में सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था,और गोदरेज की आलमारी में रखी इसकी मम्मी में दो सोने के मंगलसूत्र,दो जोडी कान के झूमके,एक जोडी चांदी की पायल तथा नगद पांच हजार रूपए की राशि अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले गए है।इन्होंने लगभग साढे तीन लाख रूपयों की चोरी होने की बात बताई है।



कुछ इसी तरह की घटना बीते बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात को नगर के रानी दुर्गावती वार्ड निवासी दयालसिंह लांजेवार के सूने मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोरों ने इनके घर के किमंती सामना चुरा ले गए,इन चोरों ने लांजेवार की एक्टिवा बाइक क्रंमाक एम पी 48- 6199 भी चुरा ले गए थे,जिसे दूसरे दिन ग्राम मोरडोंगरी के पास सडक किनारे लावारिस अवस्था में खडी होने की सूचना पर पुलिस द्वारा इस उक्त बाइक को पुलिस अभिरक्षा में रखा है।

वहीं इन अज्ञात चोरों द्वारा लांजेवार के घर से क्या क्या चोरी कर ले गए है, यह जानकारी लांजेवार परिवार के तीर्थ यात्रा से लौटने के बाद ही मिल पायेंगी।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो भाईयों की हुई दर्दनाक मौत





**नवभारत न्यूज, पांढुरना, 11 अप्रैल,** नगर के घनपेठ बाईपास के पास भोपाल की और जा रहीं एक तेज रफ्तार कार ने बाइक पर सवार दो युवकों को रौंद दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नागपुर से भोपाल की और तेज रफ्तार से जा रहीं चौपहिया वाहक क्रंमाक एम एच 01 डीटी 1519 ने नगर के घनपेठ बाईपास पर बाइक सवार युवकों को रौंद दिया,जिससे इन दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।यह दोनों मृतक युवक पांढुरना नगर के भवानी वार्ड निवासी प्रदीश शंकर आप्पा जुननकर एवं अनिल शंकर आप्पा जुननकर दोनों भाई बताए जा रहे है,जो घर से खेत जाने के दौरान इस तेज रफ्तार गाडी की चपेट में आ गए,सूचना पर घटनास्थल पहुंचे पुलिस द्वारा दोनों मृतक युवकों के शव को नगर के शासकीय चिकित्सालय लाया,वहीं इस कार चालक को गिरफ्तार कर उन पर कार्यवाही की जा रहीं है ।

## सांदीपनि विद्यालय में सम्पन्न विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर




**नवभारत न्यूज सौसर 11 अप्रेल.** तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में सांदीपनि विद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में व्यवहार न्यायाधीश सचिन जैन ने विद्यार्थियों को कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।उन्होने कहा कि, न्याय पाना सभी नागरिकों का अधिकार है, इसके लिये कानून की मूलभूत जानकारी होना आवश्यक है। विद्यार्थियों को अपराधिक कृत्यों की जानकारी देते हुये बताया कि, घरेलू हिसा को किसी भी परिस्थिति में सहन नही करना चाहिये, घरेलू हिंसा से जुडे मामलों के प्रति जागरूक रहना जरूरी है।श्री जैन द्वारा वृद्ध माता-पिता की देखभाल करना संतान का कर्तव्य बताया, अन्यथा यह कानून अपराध की श्रेणी में आता है।सड़क सुरक्षा नियम, बाल विवाह, निशुल्क विधिक सहायता आदि के बारे में बताया। इसके अलावा विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये जिज्ञासू प्रश्नों के भी उत्तर दिये। अवसर पर प्राचार्य श्रीमती शैलजा बतरा ने भी विचार रखे। अंत में शिविर आयोजन पर आभार व्यक्त किया गया।

# हनुमान लोक जामसांवली धाम में पूर्व राज्यपाल उईके ने किया पूजन



**नवभारत न्यूज सौंसर 11 अप्रेल,** चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली धाम में छत्तीसगढ एवं मणिपूर की पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उईके ने पहुचकर विधिवत पूजा अर्चना की।साथही देश व प्रदेश की सुख समृद्धि के लिये आशिर्वाद प्राप्त किया।मंदिर पहुचनें पर सीईओ वीरेन्द्र भटट सहित ट्रस्ट कमेटी द्वारा सूश्री उईके को पुष्पगुच्छ एवं शाल भेटकर आत्मीय स्वागत किया।इस दौरान पूर्व राज्यपाल उईवे ने दर्षन पश्चात मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुये कहा कि, जामसांवली धाम आस्था का प्रमुख केन्द्र है, जहा आकर मन को शाति और सकारात्मक उर्जा का अनुभव होता है। विदित हो कि, सुश्री अनुसईया उईके का जन्मदिन भी था।

# व्यसन मुक्ति का संदेश और सामाजिक समरसता की मिसाल बना सामूहिक विवाह

## परमात्मा एक आनंदधाम सवरनी के तत्वावधान में सम्पन्न व्यसन मुक्ति अभियान



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 11 अप्रेल.**परमात्मा एक आनंदधाम सवरनी के तत्वावधान मे व्यसनमुक्ति अभियान एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ।महानत्यागी बाबा जुमदेव की प्रेरणा से नगर परिषद के सभागृह में आयोजित सम्मेलन ने न केवल नशामुक्त समाज का संदेश दिया, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिये सामूहिक विवाह के माध्यम से सामाजिक एकता और सहयोग की अनुठी मिसाल भी प्रस्तुत की। नगर परिषद सभागृह में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र शासन से महात्मा गांधी व्यसनमुक्त गौरव पुरस्कार से सम्मानित लक्ष्मणराव मेहर बाबूजी ने की तथा मुख्य रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते, भाजपा नेता डॉ गुलाब पांडे, लोधीखेडा टीआई ए बी मर्सकोले के अलावा विजय हटवार, देवराव मेश्राम, प्रमोद भलावी, दिलीप सादेकर, संजय कावरे, गणपति चावरे, बापू मोहोड, शंकर सोनटक्के, बाबूराव करवरे, नंदकिशोर तांडेकर मंचासीन थे। अवसर पर बोलते हुये वक्तओं ने कहा कि, नशा केवल व्यक्ति को ही नही, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इसे जड से समाप्त करने के लिये जन-जागरूकता, संस्कार और सामूहिक प्रयास आवष्यक है। आयोजक नंदकिशोर तांडेकर ने बताया कि, संस्था द्वारा प्रतिवर्ष इसप्रकार के आयोजन किये जाते है।हमारा उद्येष्य परमात्मा एक की विचारधारा के माध्यम से समाज को जोडना, व्यसनमुक्ति का संदेश देना और जरूरतमंदों को सहयोग करना है। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियॉ पानेवाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया।

**परिणय सूत्र में बंधे 15 वर-वधू**

कार्यक्रम के दौरान गरीब जरूरतमंद परिवारों के 15 वर-वधुओं का विधि विदान के साथ में विवाह सम्पन्न कराया गया।इस दौरान वर-वधू को उपहार भी भेट किये गये। वही जिला पंचायत अध्यक्ष संदीप मोहोड की ओर से भोजनदान किया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या में सामाजिक, धार्मिक एवं परमात्मा सेवकर मंडल से जुडे हूयें परिवारों की सहभागिता रही।



# कांग्रेस ने श्रद्धा के साथ मनाई महात्मा फूले की जयंती

**नवभारत न्यूज़ सौंसर11 अप्रेल,** शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई।अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता भागवत महाजन, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र येमदे, अतुल जुननकर, वासुदेव बुले, पूर्व नप उपाध्यक्ष सुनील भानगे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय ठाकरे, नगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष विलास बुले, श्याम ठाकुर, अमरीष जायसवाल, राजा बोढे, साहिद सिद्धीकी आदि उपस्थित थे। महात्मा फूले के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुये भागवत महाजन ने कहा कि, महात्मा फूले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, भेदभाव और अशिक्षा के खिलाफ आवाज उठाई। महिलाओं और वंचित वर्गो की शिक्षा के लिये ऐतिहासिक कार्य किये।आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतारे और समाज में समानता शिक्षा और भाईचारें को बढावा दे।अन्य वक्ताओं ने भी महात्मा फूले के जीवन, संघर्ष और समाज सुधार के कार्यो पर प्रकाश डाला। अंत में सभी ने उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# विभाग की कार्यवाही से खनिज माफियाओं में मचा हड़कंप

**नव भारत न्यूज पांढुरना,11 अप्रैल,** खनिज संपदा के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण के खिलाफ जिला कलेक्टर द्वारा कार्यवाही करने के दिए निर्दशों के परिपालन में खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं, गुरुवार को जिले के सौसर की नदी से अवैध रूप से रेत निकालते एक पोखलेन मशीन के साथ दो टैक्ट्रर ट्रॉली जप्त कर कार्यवाही की वहीं शनिवार को पांढुरना के अंबाडा मार्ग पर रेत परिवहन करते दो टैक्ट्रर ट्रॉली को जप्त किया, विभाग की इस कार्यवाही से खनिज माफियाओं में हड़कंप व्याप्त हैं ।खनिज विभाग पांढुर्णा के दल द्वारा दिनांक 11 अप्रैल 2026 को जिले अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

क्षेत्र निरीक्षण के दौरान पांढुर्णा तहसील अंतर्गत कार्यवाही में ग्राम धनोरा-अंबाड़ा मार्ग पर खनिज रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक बिना नंबर अंकित नीले रंग का सोनालिका डीआई ट्रैक्टर मय ट्रॉली पाया गया। उक्त वाहन पर कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित खनिज रेत को खनि नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत शासकीय रूप से जप्त किया गया।जप्त वाहन को मय खनिज के पुलिस चौकी नादनवाड़ी परिसर में शासकीय अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। वाहन में खनि नियमाधीन प्रावधानों के तहत खनिज रेत का अवैध परिवहन किए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है तथा जुर्माना राशि अधिरोपित किए जाने हेतु प्रकरण कलेक्टर न्यायालय पांढुर्णा के समक्ष प्रेषित किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।



इस कार्यवाही के दौरान सहायक खनि अधिकारी महेश नगपुरे सहित खनिज विभाग का अमला उपस्थित रहा।

## शहर के वार्ड 1 में चलाया गया गांव चलों बस्ती चलो अभियान



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 11 अप्रेल,** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे गांव चलों बस्ती चलों अभियान के अंतर्गत आज शहर के वार्ड 1 में विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर वरिष्ठजनों का पार्टी पटका एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया।इस दौरान उपस्थित पूर्व मंत्री नानाभाउ मोहोड सहित कार्यकर्ताओं ने घर-घर सपंर्क कर नागरिकों से संवाद स्थापित किया और संगठन की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।पूर्व मंत्री श्री मोहोड ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता और समाज के वरिष्ठजन है।उनका अनुभव और मार्गदर्शन ही हमें सही दिशा देता है। गांव चलों बस्ती चलों अभियान के माध्यम से पार्टी आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान के लिये प्रतिबद्ध है।यह अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के लिये चलाया जा रहा है। अवसर पर वरिष्ठ नेता एड हरिष बतरा, मंडल अध्यक्ष दर्षन झाडे, महामंत्री नरेन्द्र कुकडे, परसराम राणे, मोरेष्वर धुर्वे, पार्षद रामकृष्णा राउत, गोलू वाडेकर, आषा बेंडे सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जंगली जानवर ने किया कुत्ते का शिकार, क्षेत्र में दहशत का माहौल



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 11 अप्रेल ,** नगर के समीप स्थित बजरंग नगर बस्ती के पास एक जंगली जानवर द्वारा कुत्ते का शिकार किये जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।घटना वार्ड 4 निवासी किसान मुकेश पिता विष्णू कामडे के खेत की है।जो महज बस्ती से 5 सौ मीटर दूरी पर है।मुकेश ने बताया कि, उनका कुत्ता रोज की तरह रात में खेत में खुला रहता था, शनिवार की सुबह जब वह अपने पिता के साथ खेत पहुचें तो कुत्ता अपने स्थान पर नही मिला। खोजबीन के पश्चात उसके शत विशप्त अवस्था में मिला।किसान ने जंगली जानवर द्वारा शिकार किये जाने की संभावनायें व्यक्त की जा रही है।किसान द्वारा वन विभाग को सूचना देने के बावजूद वन अमला मौके पर नही पहुचा।जिससे ग्रामीणों में नाराजगी व्यक्त की जा रही है। गौरतलब हो कि, इससे पहले भी मोहगांव नगर और आसपास के क्षेत्रो में तेंदुयें की मौजूदगी दर्ज की जा चुकी है, लेकिन अब तक वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नही होने से ग्रामीणो में असुरक्षा की भावना बनी हुई है।

# अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौपा ज्ञापन



**नव भारत न्यूज पांढुरना,11अप्रैल,** अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर 11 अप्रैल को विकास खंड स्तरीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम पर जवाहर पार्क के समक्ष किया गया।धरना प्रदर्शन की शुरूआत में अध्यापक शिक्षक संवर्ग के कर्मठ जुझारू दिवंगत शिक्षक स्व. दिनेश धुवे ? और दशरथ पठाड़े की आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित करके की गयी। तत्परांत सभी ने जिला ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा। जिसमें प्रमुख रूप से शिक्षकों के लिए आयोजित की जाने वाली टी.ई.टी. परीक्षा के सम्बंध में मध्यप्रदेश सरकार की अध्यापक शिक्षक संवर्ग के माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करें एवं लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी टी.ई.टी.परीक्षा का आदेश निरस्त किया जाए. तथा दूसरी प्रमुख माँग जो कि 2018 से लंबित हैं अध्यापक शिक्षक संवर्ग की ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण और पेंशन में भी प्रथम नियुक्ति दिनाँक से सेवा अवधि की गणना कर लाभ दिया जाये और नवीन पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने सम्बन्धी माँगों को लेकर उक्त एक दिवसीय विकास खंड स्तरीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया।

ज्ञापन के पूर्व धरना स्थल पर विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों जिसमें क्षेत्रीय विधायक निलेश ऊईके, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे, विजय केवटे जिला बार असोसिएशन पांढुरना के अध्यक्ष, अधिवक्ता प्रमोद ढोके कोषाध्यक्ष जिला बार असोसिएशन पांढुरना, खुशाल चौधरी आदि द्वारा धरना स्थल पर उपस्थित होकर अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा की मांगों का समर्थन किया ।

## आयुष डॉक्टर एसोसिएशन का गठन, डॉ श्री तिजारे अध्यक्ष मनोनीत



**नव भारत न्यूज पांढुरना,11अप्रैल,** होम्योपैथी के जनक डॉ सैमुअल हैनिमैन का जन्मदिन विश्व होम्योपैथिक दिवस के रूप में 10 अप्रैल को मनाया जाता है उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में,आयुष डॉक्टर असोसिएशन द्वारा

शुक्र वार को नगर के धनुष लॉन मे एक सादा किँतु गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस दौरान आयुष डॉक्टर एसोसिएशन पांढुरना का गठन किया गया जिसमें संरक्षक-डॉ योगीराज पवार, अध्यक्ष -डॉ चंद्रशेखर तिजारे, उपाध्यक्ष- डॉ सुजाता धारपुरे, डॉ सचिन तंवर ,सचिव-डॉ मोनल सपडा,सह सचिव- डॉअंशुल जैसवाल, कोषाध्यक्ष/मीडिया प्रभारी डॉ उमेश कड़वे,सोशल मीडिया प्रभारी- डॉ चेतन डवरे, डॉ वैदेही पुरी ,संगठन मंत्री- डॉ संदीप जैसवाल,डॉ सचिन खंडार, डॉ प्रशांत महाले ,डॉ गणेश कठाने सदस्य- डॉ चंद्रशेखर ठोंबरे,डॉ सीमा बेले ,डॉ नीलिमा तिजारे,डॉ सारिका राठौर, डॉ मीनल कड़वे, डॉ अर्चना ढोबाळे ,डॉ मीनाक्षी धाडसे, डॉ अनिमेष गुर्जर, डॉ रेखा रावत,डॉ प्राची खंडार, डॉ प्रेम सागर टोनपे,डॉ कोमल टोनपे, डॉ जयेश जैसवाल, डॉ उमेश घागरे, डॉ राहुल काले,डॉ प्रवीण बालपांडे का समावेश किया गया है।